[This question paper contains 20 printed pages.]

**570** *Your Roll No.* .............

**B.Com. (Hons.) / II** **E**

Paper VIII – CORPORATE ACCOUNTING

(Admissions of 2004 & onwards)

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 55*

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note :– The maximum marks printed on the question paper are applicable for the students of the regular colleges (Cat. A). These marks will, however, be scaled up proportionately in respect of the students of NCWEB/ SOL at the time of posting of awards for compilation of result.*

*Note :– Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.*

टिप्पणी :- इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेज़ी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।

*Attempt any* **five** *questions.*

कोई पाँच प्रश्न कीजिए।

1. BG Ltd. Invited applications for 1,00,000 equity shares of Rs. 10 each at a premium of Rs. 2 per share payable as follows : On application Rs. 2.50, On allotment Rs. 4.50 (including premium), On first call Rs. 2.50, On final call Rs. 2.50 per share

Applications were received for 150,000 shares and shares were allotted on pro-rata to the applicants for 120,000 shares and remaining applications were rejected. Excess money paid on applications was adjusted against sums due on allotment.

A, who was allotted 200 shares, could not pay the sums due on allotment. Shares held by him were forfeited on his failure to pay the first call, B, holding 300 shares, could not pay the two calls. The company forfeited his shares after the final call was made. Pass entries in the cash book and journal of BG Ltd. Ignore narration. Also prepare ledger account. (11)

BG लिमिटेड ने 10 रु. वाले 1,00,000 ईक्विटी शेयरों के लिए 2 रु. प्रीमियम पर आवेदन माँगे जिनकी राशि का भुगतान इस प्रकार करना था : आवेदन पर 2.50 रु., आबंटन पर 4.50 रु. (प्रीमियम को शामिल करके), प्रथम माँग पर 2.50 रु. और अंतिम माँग पर 2.50 रु. प्रति शेयर।

1,50,000 शेयरों के लिए आवेदन प्राप्त हुए और 1,20,000 शेयरों के लिए यथानुपात आधार पर आवेदकों को शेयर आबंटित कर दिए गए

और शेष आवेदनों को रद्द कर दिया गया। आवेदनों के साथ भेजी गई राशि में से अतिरिक्त भाग को आबंटन पर देय राशि के निमित्त समायोजित कर लिया गया।

'A' जिसे 200 शेयर आबंटित किए गए थे, आबंटन पर देय राशि नहीं दे सका। प्रथम माँग पर देय राशि न दे पाने पर उसके शेयर ज़ब्त कर लिए गए। B को 300 शेयर आबंटित किए गए थे, वह भी दो माँगों का पैसा नहीं दे पाया। कंपनी ने अंतिम माँग के बाद उसके शेयरों को ज़ब्त कर लिया। BG लिमिटेड की रोकड़ बही और जर्नल में प्रविष्टियाँ पास कीजिए, विवरण न दीजिए। साथ ही लेज़र लेखा भी तैयार कीजिए।

2. Parker Ltd. issued 15% 40,000 debentures of Rs. 1000 each on Jan. 1, 2008 redeemable at a premium of 10% after 5 years. A sinking fund is created for the purpose of redemption of debentures and the money is invested in 5% government securities at par. The investments are to be made in multiples of Rs. 100 only. Rs. 1 invested per annum at 5% over 5 years amounts to Rs. 5.5256. Investments were realized for Rs. 35 lakh on Dec. 31, 2013 and bank balance on that date was Rs. 15 lakh before receipt of interest and sale of Government securities.

Show debentures account, sinking fund account, sinking fund investment account, premium on

redemption of debentures account and bank account.

Bank account to be prepared only on Dec. 31, 2013. All calculations are to be made in nearest rupee.

(11)

पार्कर लिमिटेड ने 1000 रु. वाले 40,000 15% डिबेन्चर 1 जनवरी 2008 को जारी किए जिनका 5 वर्ष बाद 10% प्रीमियम पर प्रतिदान करना था। डिबेन्चरों के प्रतिदान के उद्देश्य से निक्षेप निधि का सृजन किया गया और इस राशि को सममूल्य पर 5% वाली सरकारी प्रतिभूतियों में निवेशित कर दिया गया। निवेश केवल 100 रु. की गुणित राशि पर करने हैं। 5% प्रति वर्ष की दर से 5 वर्ष के लिए 1 रु. निवेश करने पर यह राशि बढ़कर 5.5256 रु. हो जाती है। 31 दिसंबर 2013 को 35 लाख रु. के निवेश प्राप्त किए गए और उस दिन तक का बैंक शेष, ब्याज प्राप्त करने से पूर्व और सरकारी प्रतिभूतियों की बिक्री से पूर्व, 15 लाख रु. था।

डिबेन्चर लेखा, निक्षेप निधि निवेश लेखा, डिबेन्चरों के प्रतिदान पर प्रीमियम लेखा और बैंक लेखा प्रदर्शित कीजिए।

बैंक लेखे को 31 दिसंबर 2013 तक ही तैयार करना है। सभी परिकलनों को निकटतम रुपए में मानना है।

3. H Ltd. acquired 15000 shares in S Ltd. for Rs. 1,55,000 July 1, 2012. The balance sheet of two companies on Mar. 31, 2013 was as follows :

| | H Ltd. Rs. | S Ltd. Rs. |
|---|---|---|
| **EQUITY AND LIABILITIES** | | |
| Equity Share Capital (Fully paid shares of Rs. 10 each | 9,00,000 | 2,50,000 |
| General Reserve | 1,60,000 | 40,000 |
| Surplus i.e. Balance in Statement of Profit or Loss | 80,000 | 25,000 |
| Bills payable | 40,000 | 20,000 |
| Trade Creditors | 50,000 | 30,000 |
| Total | **12,30,000** | **3,65,000** |
| **ASSETS** | | |
| Machinery | 7,00,000 | 1,50,000 |
| Furniture | 1,00,000 | 70,000 |
| Investment in Equity Shares of S Ltd. | 1,55,000 | – |
| Stock-in- trade | 1,00,000 | 50,000 |
| Trade Debtors | 60,000 | 35,000 |
| Bills Receivables | 25,000 | 20,000 |
| Cash at Bank | 90,000 | 40,000 |
| Total | **12,30,000** | **3,65,000** |

The following additional information is provided to you :

(i) General reserves appearing in the balance sheet of S Ltd. remained unchanged since Mar. 31, 2012.

(ii) Profit earned by S Ltd. for the year ended Mar. 31, 2013 amounted to Rs. 20,000.

(iii) H Ltd. sold goods to S Ltd. Costing Rs. 8000 for Rs. 10,000. 25% of these goods remained unsold with S Ltd. on Mar. 31, 2013. Creditors of S Ltd. includes Rs. 4,000 due to H Ltd. on account of these goods.

(iv) Out of bills payable issued by S Ltd. Rs. 15,000 are those which have been accepted in favour of H Ltd. Out of these, H Ltd. Had endorsed by Mar. 31, 2013, Rs. 8000 worth of bills receivable in favour of its creditors.

You are required to draw a consolidated balance sheet as at March 31, 2013. (11)

H लिमिटेड ने 1 जुलाई 2012 के S लिमिटेड में 15000 शेयर 1,55000 रु. में अर्जित कर लिए। दोनों कंपनियों के 31 मार्च 2013 के तुलनपत्र इस प्रकार थे :

| | H लिमिटेड (रु.) | S लिमिटेड (रु.) |
|---|---|---|
| <u>ईक्विटी और देयताएँ</u> : | | |
| ईक्विटी शेयर पूँजी (10 रु. वाले पूर्णदत्त शेयर) | 9,00,000 | 2,50,000 |
| सामान्य रिजर्व | 1,60,000 | 40,000 |
| अधिशेष अर्थात लाभ और हानि के विवरण में शेष | 80,000 | 25,000 |
| देय बिल | 40,000 | 20,000 |
| व्यापार की लेनदारियाँ | 50,000 | 30,000 |
| जोड़ | **12,30,000** | **3,65,000** |
| <u>परिसंपत्तियाँ</u> : | | |
| मशीनरी | 7,00,000 | 1,50,000 |
| फर्नीचर | 1,00,000 | 70,000 |
| S लिमिटेड के ईक्विटी शेयरों में निवेश | 1,55,000 | – |
| व्यापार में स्टॉक | 1,00,000 | 50,000 |
| व्यापार में देनदारियाँ | 60,000 | 35,000 |
| प्राप्य बिल | 25,000 | 20,000 |
| बैंक में रोकड़ | 90,000 | 40,000 |
| जोड़ | **12,30,000** | **3,65,000** |

निम्नलिखित अतिरिक्त सूचनाएँ भी आपको दी गई हैं :

(i) S लिमिटेड के तुलन पत्र में दिखाए गए सामान्य रिजर्व 31 मार्च 2012 से अपरिवर्तित बने रहे हैं।

(ii) S लिमिटेड द्वारा 31 मार्च 2013 को समाप्त हुए वर्ष के लिए अर्जित लाभ 20,000 रु. है।

(iii) H लिमिटेड ने S लिमिटेड को 8000 रु. लागत का माल 10000 रु. में बेच दिया। इस माल का 25% S लिमिटेड के पास 31 मार्च 2013 तक अनबिका पड़ा रहा। S लिमिटेड की लेनदारियों में H लिमिटेड से 4000 रु. इस माल के खाते में लेने हैं।

(iv) S लिमिटेड द्वारा जारी देय बिलों में से 15000 रु. वे हैं जो H लिमिटेड द्वारा स्वीकार कर लिए गए थे। इनमें से H लिमिटेड ने 31 मार्च 2013 को 8000 रु. मूल्य के बिलों को पृष्ठांकित कर दिया था जो उसके लेनदारों के पक्ष में प्राप्य थे।

आपको 31 मार्च 2013 तक का समेकित तुलन पत्र बनाना है।

4. Write short notes on :

(a) Minority interest

(b) Non Performing Assets (11)

निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :

(क) अल्पमत ब्याज

(ख) गैरनिष्पादन परिसंपत्तियाँ

5. (a) From the following information related to the company calculate the value of its equity shares as per intrinsic value method :

Issued equity share capital – 10,000 shares of Rs. 10 each, Rs. 8 paid up

8% preference share capital – 10,000 shares of Rs. 10 each, fully paid up

| | | |
|---|---|---|
| Rate of Tax | – | 50% |
| Expected profit before tax | – | Rs. 2,00,000 |
| Annual transfer to general reserve | – | 20% |
| Reserves and surplus | – | Rs. 2,50,000 |
| Normal rate of dividend | – | 20% |
| External liabilities | – | Rs. 75,000 |
| Fictitious assets | – | Rs. 20,000 |

(b) Explain factors affecting valuation of shares.

(6+5)

(क) एक कंपनी की निम्नलिखित सूचनाओं से उसके ईक्विटी शेयरों के मूल्य का, यथार्थ मूल्य के अनुसार, परिकलन कीजिए :

जारी की गई ईक्विटी शेयर पूँजी - 10 रु. वाले 8 रु. दत्त 10,000 शेयर

8% अधिमान शेयर पूँजी - 10 रु. वाले पूर्णदत्त 10,000 शेयर

| | | |
|---|---|---|
| कर की दर | – | 50% |
| कर पूर्व प्रत्याशित लाभ | – | Rs. 2,00,000 |
| सामान्य रिजर्व में सालाना अंतरण | – | 20% |

| | | |
|---|---|---|
| रिजर्व और अधिशेष | – | Rs. 2,50,000 |
| लाभांश की सामान्य दर | – | 20% |
| बाह्य देयताएँ | – | Rs. 75,000 |
| काल्पनिक परिसंपत्तियाँ | – | Rs. 20,000 |

(ख) शेयरों के मूल्यांकन को प्रभावित करने वाले कारकों की व्याख्या कीजिए।

6. The followings are the Balance Sheet of Shubikishu Ltd. as on 31st March, 2012 and 31st March, 2013 respectively

| Liabilities | 31.3.2013 Rs. | 31.3.2012 Rs. | Assets | 31.3.2013 Rs. | 31.3.2012 Rs. |
|---|---|---|---|---|---|
| Equity Share Capital | 27,00,000 | 25,00,000 | Land | 7,50,000 | 7,50,000 |
| Securities Premium | 7,70,000 | 7,50,000 | Building | 41,25,000 | 35,75,000 |
| Profit & Loss A/c | 55,05,000 | 50,45,000 | Plants | 27,50,000 | 22,50,000 |
| 15% Debentures | 5,00,000 | 10,00,000 | Investments | 7,25,000 | 12,50,000 |
| Expenses Due | 1,05,000 | 1,30,000 | Patents | 70,000 | 50,000 |
| Tax Payable | 7,50,000 | 5,15,000 | Debtors | 20,00,000 | 21,25,000 |
| Bills Payable | 2,50,000 | 3,50,000 | Bills Receivables | 50,000 | 40,000 |
| Creditors | 11,00,000 | 9,00,000 | Stock | 23,10,000 | 22,70,000 |
| Accumulated Depreciation: | | | Cash | 6,75,000 | 5,00,000 |
| Plants | 4,50,000 | 3,75,000 | Preliminary Expenses | 25,000 | 30,000 |
| Buildings | 12,50,000 | 11,50,000 | | | |
| Provision for Doubtful Debts | 1,00,000 | 1,25,000 | | | |
| | 1,34,80,000 | 1,28,40,000 | | 1,34,80,000 | 1,28,40,000 |

**Additional Information :**

(i) Debentures were redeemed at premium of 10% On 1st October, 2012.

(ii) Investments were sold at a profit of 50% on cost.

(iii) During the year the machine costing Rs. 5,00,000 (accumulated depreciation thereon Rs. 2,00,000) was sold at a profit of 20% on book value.

(iv) During the year Building costing Rs. 10,50,000 was purchased by issue of 20,000 equity shares of Rs. 10 each at a premium of Rs. 1 per share and balance by cash.

(v) A building costing Rs. 5,00,000 (accumulated depreciation thereon Rs. 3,50,000) as sold for Rs. 1,70,000. Prepare Cash Flow Statement as per AS-3 (Revised). (11)

शुभिक्षू लिमिटेड के 31 मार्च 2012 और 31 मार्च 2013 के तुलनपत्र निम्नलिखित हैं :

| देयताएँ | 31.3.2013 रु | 31.3.2012 रु | परिसंपत्तियाँ | 31.3.2013 रु | 31.3.2012 रु |
|---|---|---|---|---|---|
| ईक्विटी शेयर पूँजी | 27,00,000 | 25,00,000 | भूमि | 7,50,000 | 7,50,000 |
| प्रतिभूति प्रीमियम | 7,70,000 | 7,50,000 | भवन | 41,25,000 | 35,75,000 |
| लाभ और हानि लेखा | 55,05,000 | 50,45,000 | संयंत्र | 27,50,000 | 22,50,000 |
| 15% डिबेन्चर | 5,00,000 | 10,00,000 | निवेश | 7,25,000 | 12,50,000 |
| खर्चे देने हैं | 1,05,000 | 1,30,000 | पेटेन्ट्स | 70,000 | 50,000 |
| देय कर | 7,50,000 | 5,15,000 | देनदारियाँ | 20,00,000 | 21,25,000 |
| देय बिल | 2,50,000 | 3,50,000 | प्राप्य बिल | 50,000 | 40,000 |
| लेनदारियाँ | 11,00,000 | 9,00,000 | स्टॉक | 23,10,000 | 22,70,000 |
| संचित मूल्यह्रास | | | रोकड़ | 6,75,000 | 5,00,000 |
| संयंत्र | 4,50,000 | 3,75,000 | प्रारंभिक खर्चे | 25,000 | 30,000 |
| भवन | 12,50,000 | 11,50,000 | | | |
| अशोध्य ऋणों के लिए व्यवस्था | 1,00,000 | 1,25,000 | | | |
| | 1,34,80,000 | 1,28,40,000 | | 1,34,80,000 | 1,28,40,000 |

अतिरिक्त सूचनाएँ :

(i) डिबेन्चरों का 1 अक्टूबर 2012 को 10% प्रीमियम पर प्रतिदान कर दिया गया था।

(ii) निवेशों को लागत पर 50% लाभ पर बेच दिया गया था।

(iii) इस वर्ष 5,00,000 रु. लागत की मशीन (जिस पर संचित मूल्यह्रास 2,00,000 रु. था) पुस्तक मूल्य पर 20% लाभ लेकर बेच दी गई थी।

(iv) इस वर्ष 10,50,000 रु. कर भवन, 10 रु. वाले 20000 ईक्विटी शेयरों को जारी करके खरीदा गया था जिन पर 1 रु. प्रति शेयर प्रीमियम लिया गया था और शेष नकद लिए गए थे।

(v) 5,00,000 रु. लागत का एक भवन (जिस पर संचित मूल्य ह्रास 3,50,000 रु. था) 1,70,000 रु. में बेच दिया गया था।

AS-3 (संशोधित) के अनुसार नकदी प्रवाह विवरण तैयार कीजिए।

7. The Balance Sheet of B Ltd. as on 31st March, 2013 was as follows :

| **EQUITY AND LIABILITIES** | **Rs.** |
|---|---|
| Share Capital: | |
| 50,000 Equity Shares of Rs. 10 each | 5,00,000 |
| 2,000 10% Preference Shares of Rs. 10 each | 2,00,000 |
| General Reserve | 1,20,000 |
| Surplus Account | 80,000 |
| 9% Debentures | 1,00,000 |
| Trade Creditors | 1,50,000 |
| **Total** | **11,50,000** |
| **ASSETS** | |
| Goodwill | 75,000 |
| Land And Building | 3,20,000 |
| Plant and Machinery | 3,15,000 |
| Stock | 2,20,000 |
| Trade Debtors | 90,000 |
| Bills Receivables | 70,000 |
| Cash at Bank | 50,000 |
| Preliminary Expenses | 10,000 |
| **Total** | **11,50,000** |

A Ltd. acquired all assets and all liabilities of B Ltd. For the purpose of absorption the assets were valued as follows :

| ASSETS | |
|---|---|
| Goodwill | 1,25,000 |
| Land And Building | 4,30,000 |
| Plant and Machinery | 3,00,000 |
| Stock | 2,00,000 |
| Trade Debtors | 80,000 |
| Bills Receivables | 65,000 |

One – fourth of the purchase consideration was satisfied by the allotment of fully paid up preference shares of Rs. 100 each at par which carried 12% dividend. One – half of the purchase consideration was paid in the form of fully paid equity shares of Rs. 10 each issued at par and the balance was paid in cash. The preference shares received from A Ltd. were given to the preference shareholders of B Ltd. in exchange of shares held by them. The cost of liquidation amounting to Rs. 10,000 was paid by B Ltd. out of cash received from A Ltd. Debenture holders of B Ltd. were discharged by issue of 10% debentures by A Ltd.

You are required to :

(i) Prepare Realisation A/c, Preference shareholder A/c, A Ltd. A/c, Equity Shareholder A/c, and cash at bank A/c: and

(ii) Pass Journal entries in the books of A Ltd.

(11)

B लिमिटेड का 31 मार्च 2013 तक का तुलनपत्र इस प्रकार था :

| ईक्विटी तथा देयताएँ | रु. |
|---|---|
| शेयर पूँजी : | |
| 10 रु. वाले 50,000 ईक्विटी शेयर | 5,00,000 |
| 10 रु. वाले 2,000 10% अधिमान शेयर | 2,00,000 |
| सामान्य रिजर्व | 1,20,000 |
| अधिशेष लेखा | 80,000 |
| 9% डिबेन्चर | 1,00,000 |
| व्यापार की लेनदारियाँ | 1,50,000 |
| जोड़ | **11,50,000** |
| **परिसंपत्तियाँ :** | |
| सुनाम | 75,000 |
| भूमिगत भवन | 3,20,000 |
| संयंत्र तथा मशीनरी | 3,15,000 |
| स्टॉक | 2,20,000 |
| व्यापार की देनदारियाँ | 90,000 |
| प्राप्य बिल | 70,000 |
| बैंक में रोकड़ | 50,000 |
| प्रारंभिक खर्चे | 10,000 |
| जोड़ | **11,50,000** |

A लिमिटेड ने B लिमिटेड की सभी परिसंपत्तियों और सभी देयताओं को अपने अधीन ले लिया है। अवशोषण के उद्देश्य से परिसंपत्तियों को निम्न प्रकार मूल्यांकित किया गया था :

| परिसंपत्तियाँ : | |
|---|---|
| सुनाम | 1,25,000 |
| भूमि तथा भवन | 4,30,000 |
| संयंत्र तथा मशीनरी | 3,00,000 |
| स्टॉक | 2,00,000 |
| व्यापार की देनदारियाँ | 80,000 |
| प्राप्य बिल | 65,000 |

क्रय प्रतिफल के चौथाई की 100 रु. वाले सममूल्य पर पूर्णदत्त अधिमान शेयरों के आबंटन द्वारा संतुष्टि कर दी गई थी जिन पर 12% लाभांश दिया गया था। क्रय प्रतिफल की आधी राशि सममूल्य पर 10 रु. वाले पूर्णदत्त ईक्विटी शेयरों के रूप में अदा कर दी गई थी और शेष नकद दे दी गई थी। अधिमान शेयर जो A लिमिटेड से प्राप्त हुए थे, B लिमिटेड के अधिमान शेयरधारियों को उसके पास मौजूद शेयरों की ऐवज़ में दे दिए गए थे। परिसमापन की लागत के रूप में 10000 रु. B लिमिटेड द्वारा, A लिमिटेड से प्राप्त हुई नकद राशि में से दे दिए गए। B लिमिटेड के डिबेन्चरधारियों को A लिमिटेड द्वारा 10% डिबेन्चर जारी करके उन्मुक्त कर दिया गया था।

आपको करना है :

(i) वसूली लेखा, अधिमान शेयरधारी लेखा, A लिमिटेड लेखा, ईक्विटी शेयरधारी लेखा और बैंक में रोकड़ लेखा तैयार कीजिए।

(ii) A लिमिटेड के खातों में जर्नल प्रविष्टियाँ पास कीजिए।

8. The summarized Balance Sheet of Maya Ltd. as on 31st March, 2013 was as follows :

| Liabilities | Rs. | Assets | Rs. |
|---|---|---|---|
| Authorised and Issued Capital: | | Land, Building and Machinery | 14,50,000 |
| 10,000 Equity shares of Rs. 100 each | 10,00,000 | Stock-in-trade | 1,20,000 |
| 6% Debentures | 14,00,000 | Debtors | 80,000 |
| Accrued interest | | Investments | 1,65,000 |
| on the above | 70,000 | Cash | 1,05,000 |
| Trade Creditors | 4,65,000 | Profit and Loss A/c | 10,15,000 |
| **Total** | **29,35,000** | **Total** | **29,35,000** |

The following scheme of reorganization was approved and confirmed by the court :

(i) Each share shall be sub-divided into twenty fully paid equity shares of Rs. 5 each.

(ii) After sub-division, each shareholder shall surrender to the company 95% of his holdings, for the purpose of reissue to debenture holders and creditors so far as required and otherwise for cancellation.

(iii) Of those surrendered 46,000 shares of Rs. 5 each shall be converted into 10% preference share of Rs. 5 each fully paid.

(iv) Debenture holders' claim to be reduced to Rs. 2,30,000. This will be satisfied by the issue to them 46,000 10% cumulative preference shares of Rs. 5 each fully paid.

(v) The claims of unsecured creditors shall be reduced by 80% and the balance shall be satisfied by allotting them equity shares of Rs. 5 each fully paid from the shared surrendered.

(vi) Shares surrendered and not issued shall be cancelled.

(vii) Fixed assets are valued at Rs. 4,50,000.

Journalise the scheme. (11)

माया लिमिटेड का 31 मार्च 2013 तक का संक्षिप्त तुलनपत्र इस प्रकार था :

| देयताएँ | रु. | परिसंपत्तियाँ | रु. |
|---|---|---|---|
| अधिकृत और निर्गमित पूँजी | | भूमि, भवन तथा मशीनरी | 14,50,000 |
| 100 रु. वाले 10,000 ईक्विटी शेयर | 10,00,000 | व्यापार में स्टॉक | 1,20,000 |
| 6% डिबेन्चर | 14,00,000 | देनदारियाँ | 80,000 |
| उपरोक्त पर उपचित ब्याज | 70,000 | निवेश | 1,65,000 |
| | | रोकड़ | 1,05,000 |
| व्यापार की लेनदारियाँ | 4,65,000 | लाभ और हानि लेखा | 10,15,000 |
| जोड़ | **29,35,000** | जोड़ | **29,35,000** |

पुनर्गठन की निम्नलिखित योजना को न्यायालय ने स्वीकृत और पुष्ट कर दिया गया था :

(i) प्रत्येक शेयर को 5 रु. वाले पूर्णदत्त 20 ईक्विटी शेयरों में उपविभाजित कर दिया जाएगा।

(ii) उपविभाजन के बाद प्रत्येक शेयरधारी अपने धारित शेयरों को कंपनी को दे देगा ताकि डिबेन्चर धारियों और क्रैडिटरों के पुनःनिर्गमित कर सके जितना आवश्यक है अथवा रद्द कर सके।

(iii) अभ्यर्पित शेयरों में से 5 रु. वाले 46000 शेयर, पूर्णदत्त 5 रु. वाले 10% अधिमान शेयरों में परिवर्तित कर दिए जाएँगे।

(iv) डिबेन्चरधारियों के दावे को घटाकर 2,30,000 रु. कर दिया जाए। इसकी पूर्ति उनको पूर्णदत्त 5 रु. वाले 46000, 10% संचयी अधिमान शेयर जारी करके की जाए।

(v) अरक्षित क्रैडिटरों के दावों को 80% घटा दिया जाएगा और शेष की संतुष्टि उन्हें अभ्यर्पित शेयरों से 5 रु. वाले पूर्णदत्त ईक्विटी शेयर आबंटित करके की जाएगी।

(vi) अभ्यर्पित शेयर, जिनको निर्गमित नहीं किया गया है, रद्द कर दिए जायेगें।

(vii) स्थायी परिसंपत्तियाँ 4,50,000 रु. मूल्य की हैं।

योजना को जर्नल में भरिए।